Nirmala Memorial Foundation College of Commerce and Science

(Autonomous)

Re-accredited by NAAC with B++, ISO 9001-2015 Certified, Recognised under section 2(f) & 12(B) of the UGC Act 1956

Permanently Affiliated to the University of Mumbai,

Syllabus

HINDI BHASHA : VYAVAHARIK PRAYOG

ABILITY ENHANCEMENT COURSE

(Semester III)

As Per New Education Policy (NEP) 2020

(To be implemented from the Academic Year 2026-2027)

Approved in the Academic Council Meeting held on 7th ***October 2025***

Title of Paper- हिंदी भाषा:व्यावहारिक प्रयोग

Sr. No.	Heading	Particulars
1	**Description of the course:**	भाषा का जीवन में सदैव महत्व रहा है। जीवन और भाषा का चोली-दामन का संबंध है। जब हमारी भाषा मधुर और सार्थक होती है तो श्रोता पर विशिष्ट प्रभाव पड़ता है। भाषा का यदि सही और सार्थक रूप से प्रयोग किया जाए तो मनुष्य जीवन में कहीं भी असफल नहीं हो सकता है। इसी भाषा के माध्यम से हम सभी को अपनी ओर आकर्षित भी करते हैं। वर्तमान युग में रोज़गार में बहुत से क्षेत्र भाषा से जुड़े हुए हैं, जिसके माध्यम से विद्यार्थी इनका लाभ ग्रहण कर सकते हैं। भाषाई क्षमता हमारे विचारों की संवाहक होती है। आज डिजिटल युग में अभिव्यक्ति के कई माध्यमों का प्रसार हुआ है, इन माध्यमों में भाषा ही सशक्त तत्व है जो आपकी अभिव्यक्ति को पूरे जगत को अवगत कराती है। भाषा का महत्व हर समय, हर माध्यम में रहा है, परंतु भाषा का सार्थक रूप का प्रयोग आज बहुत आवश्यक है। आज हिंदी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रयोग में लाई जा रही है, तकनीक, सूचना प्रौद्योगिकी सोशल मीडिया, राजनीति की भाषा हिंदी बन चुकी है। जीवन में कई क्षेत्रों में व्यावहारिक स्तर पर हमें अपनी भाषा के लिखित स्वरूप के कार्यों को करना होता हैऔर ऐसे में कार्य-दक्षता महत्व रखती है। हिंदी भाषा में व्यावहारिक प्रयोग को केंद्र में रखकर और इन्हीं पहलुओं को ध्यान में रखते हुए इस पाठ्यक्रम का गठन किया गया है। हम हिंदी भाषा को सही और शुद्ध रूप में प्रयोग कर अभिव्यक्ति को सफल बनाएं और बिना व्याकरण के यह संभव नहीं है। इस दृष्टि से पाठ्यक्रम सर्वाधिक लाभकारी सिद्ध होगा।
2	**Vertical:**	AEC
3	**Type:**	Theory
4	**Credit**:	2 credits (1 credit = 15 Hours for Theory)
5	**Hours Allotted:**	30 Hours
6	**Marks Allotted**:	50 Marks
7	**Course Objectives:** 1. विद्यार्थियों को राजभाषा हिंदी का विधिवत ज्ञान प्रदान करना।	

	2. विद्यार्थियों को राजभाषा हिंदी के व्याकरण से परिचय करवाना। 3. विद्यार्थियों को संज्ञा आदि का ज्ञान प्रदान करना। 4. विद्यार्थियों को कारकों, वाक्य रचना एवं भाषिक चिह्नों आदि का ज्ञान प्रदान करना।
8	**Course Outcomes:** 1. विद्यार्थियों को राजभाषा हिंदी का ज्ञान प्राप्त होगा, एवं दक्षता प्राप्त होगी। 2. विद्यार्थियों को राजभाषा हिंदी के व्याकरणिक प्रयोग की जानकारी प्राप्त होगी। 3. विद्यार्थियों को हिंदी-संज्ञा आदि का ज्ञान प्राप्त होने के साथ भाषा के शुद्ध, व्यावहारिक रूप का ज्ञान होगा। 4. विद्यार्थियों को कारकों, वाक्य रचना एवं भाषिक चिह्नों आदि का ज्ञान प्राप्त होगा।
9	Modules (Per credit one module can be created)
	इकाई-1 व्याख्यान-15 क्रेडिट-01
	1. हिंदी भाषा : सामान्य परिचय
	2. राजभाषा हिंदी : संवैधानिक महत्त्व
	3. वर्णमाला : स्वर एवं व्यंजन
	4. शब्द भेद : सामान्य परिचय (संज्ञा आदि)
	इकाई-2 व्याख्यान-15 क्रेडिट-01
	1. वाक्य : सामान्य परिचय
	2. वर्तनी : शुद्धता का प्रयोग एवं सावधानियाँ
	3. कारक एवं विराम चिह्न
	4. पत्र लेखन : (बधाई, निमंत्रण, सुझाव, शिकायत, आभार, आवेदन, RTI लेखन)
10	**संदर्भ ग्रंथ-** 1. बाबूराम सक्सेना- सामान्य भाषा विज्ञान, हिंदी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग 2. कामताप्रसाद गुरु- हिंदी व्याकरण, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद 3. आचार्य देवेंद्र नाथ शर्मा- भाषा विज्ञान की भूमिका, राधाकृष्ण प्रकाशन, दिल्ली 4. भाषा विज्ञान एवं भाषाशास्त्र- कपिलदेव द्विवेदी, विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी 5. भोलानाथ तिवारी- भाषा विज्ञान, किताब महल, इलाहाबाद

11	**Internal Continuous Assessment : 40%**	**External : Semester End Examination : 60%**
12	**Continuous Evaluation through:** ● रचनात्मक कार्य/प्रकल्प इत्यादि- 10 अंक ● प्रस्तुति/परिसंवाद सहभागिता इत्यादि- 05 अंक ● अकादमिक, व्यावसायिक एवं कौशल संवर्धन गतिविधियाँ- 05 अंक **कुल 20 अंक**	**लिखित परीक्षा** **अंक : 30** **समयावधि : 01 घंटा**

13	**Format of Question Paper:** for the semester end examination **अंक : 30**	**लिखित परीक्षा** **समयावधि : 01 घंटा**
	निर्देश- 1. दोनों इकाइयों से प्रश्न पूछे जाएं। 2. तीन प्रश्न पूछे जाएं, किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित हैं।	15x2 = **30 अंक** कुलयोग- **30 अंक**